AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

शहरी ताप नियंत्रण पर लविवि में अध्ययन शुरू

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने अर्बन हीट लैंड के प्रभावों से पर्यावरण व जलवायु को होने वाले नुकसान पर अध्ययन शुरू किया है। इसके लिए विधि संकाय के प्रो. वरुण छाछड़ को आईसीएसएसआर से 15 लाख की ग्रांट मिली है।

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने अध्ययन के लिए शुरू किए गए कार्यालय का औपचारिक उद्घाटन शुक्रवार को किया और प्रोजेक्ट सफल होने की शुभकामनाएं दीं। प्रो. वरुण छाछड़ ने बताया कि स्मार्ट सिटी के तहत होने वाले कामों से जलवायु परिवर्तन के खतरे बढ़े हैं। शहरीकरण की प्रतिस्पर्धा में नगरीय निकाय पर्यावरण संबंधी समस्याओं की गंभीरता का अंदाजा नहीं लगा पा रहे हैं।

वीसी ने किया कार्यालय का उद्घाटन। -संवाद

इससे गांवों के मुकाबले शहरों के तापमान तेजी से वृद्धि हो रही है। वहीं, कूड़ा प्रबंधन सहित कई विकट समस्याओं के साथ ही जलवायु परिवर्तन का खतरा बढ़ रहा है। इन खतरों को समझने के लिए यूरोपीय देशों की तर्ज पर देश में अर्बन पॉलिसी के लागू करने पर विचार करना होगा। इस प्रोजेक्ट से कई नए रास्ते और विकल्प खुलेंगे। प्रोजेक्ट के तहत छह स्मार्ट सिटी से आंकड़े जुटाएंगे। इसमें लखनऊ, अलीगढ़, मेरठ, वाराणसी, आगरा व झांसी शामिल हैं।

प्रयोगात्मक परीक्षा की तिथियां घोषित

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने शुक्रवार को बीपीएड, एमपीएड दूसरे व चौथे सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षाओं की तिथियां घोषित कर दीं। अभ्यर्थी विभाग के नोटिस बोर्ड पर परीक्षा कार्यक्रम देख सकते हैं। बीपीएड दूसरे व चौथे सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 21 व 22 अगस्त को होंगी। एमपीएड दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 23 व 24 अगस्त होंगी तो चौथे सेमस्टर की परीक्षाएं 23, 24 व 25 अगस्त को होंगी। (संवाद)

■ कई पाठ्यक्रमों का परीक्षा कार्यक्रम जारी : लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने एमए संस्कृत दूसरे और चौथे सेमेस्टर, एमएससी केमिस्ट्री व एमएससी ह्यूमन जेनिटक्स सहित कई पाठ्यक्रमों का परीक्षा कार्यक्रम शुक्रवार को घोषित कर दिया। विद्यार्थी लविवि की वेबसाइट पर विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम देख सकते हैं। (संवाद)

HINDUSTAN PAGE 6

एमए सम सेमेस्टर परीक्षाएं आठ से

एलयू

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने शुक्रवार को पीजी दूसरे और चौथे के कई पाठ्यक्रमों के परीक्षा सारिणी जारी की। एमएससी मोलेकुलर एण्ड ह्यूमन जेनेटिक्स के साथ एमए संस्कृत दूसरे, चौथे सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम जारी किया। केमेस्ट्री चतुर्थ सेमेस्टर के परीक्षा कार्यक्रम को संशोधित कर जारी किया गया। एमएससी मोलेकुलर एण्ड ह्यूमन जेनिटिक्स द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा 10 अगस्त से 24 अगस्त तक होगी। एमएससी केमेस्ट्री द्वितीय सेमेस्टर की आठ अगस्त से 16 अगस्त, एमएससी केमेस्ट्री चौथा सेमेस्टर 22 अगस्त से 26 अगस्त, एमए संस्कृत द्वितीय सेमेस्टर आठ अगस्त से 25 अगस्त, एमए संस्कृत चौथे सेमेस्टर की नौ अगस्त से 26 अगस्त, एमए संस्कृत साहित्य वर्ग चतुर्थ सेमेस्टर की नौ अगस्त से 28 अगस्त, एमए संस्कृत दर्शन वर्ग की नौ अगस्त से 26 अगस्त और एमए संस्कृत पाली वर्ग चतुर्थ सेमेस्टर 9 से 26 अगस्त तक होंगी। बीपीएड प्रयोगात्मक परीक्षा द्वितीय सेमेस्टर 21 और 22 अगस्त को होगी। 21 को ट्रैक एण्ड फील्ड, 22 को बैडमिन्टन, टेबल टेनिस, स्क्वैश, टेनिस के अलावा टीचिंग प्रैक्टिस।

बीएलएड, बीजेएमएसी, बीएससी एग्री में सीट आवंटित

लखनऊ। एलयू ने बीएलएड, बीजेएमसी, बीएससी एग्रीकल्चर की सीट अभ्यर्थियों को आवंटित कर दी है। अभ्यर्थियों को ऑनलाइन च्वाइस का मौका 27 जुलाई तक मिला था। च्वाइस, रैंक के आधार पर सीट आवंटन है। प्रवक्ता दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि जिन अभ्यर्थियों को सीट आवंटित हुई है, वे 29 जुलाई लॉगिन और पासवर्ड से सीट आवंटन देख सकते हैं। जिन अभ्यर्थियों को सीट आवंटित हुई है, उन्हें दो अगस्त तक फीस जमा कर सीट कन्फर्मेशन करना होगा। डीफार्मा में मेरिट वाले अभ्यर्थियों को भी दो अगस्त फीस जमा करनी होगी।

लविवि के नौ छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट

लखनऊ। लविवि के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के बीटेक, बीसीए के नौ छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट हुआ है। प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय के मुताबिक एचसीएल टेक कंपनी में छात्र निखिल, सोनी का चयन ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी के पद पर हुआ, जबकि जावेद अख्तर व रितिका का चयन टीसीएस कंपनी में हुआ है। (माई सिटी रिपोर्टर)

लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के बीटेक, बीसीए के नौ छात्रों का प्लेसमेंट हुआ है। छात्र-छात्राओं को दो लाख से 3.8 लाख रुपए तक का वार्षिक पैकेज ऑफर किया गया है। प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि एचसीएल टेक कम्पनी मे बीटेक छात्र निखिल सोनी का चयन ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी पर 3.25 लाख पैकेज पर चुना गया है।

NBT PAGE 6

LU में एमएससी केमिस्ट्री की परीक्षाएं 8 अगस्त से

■ एनबीटी सं, लखनऊ : एलयू ने शुक्रवार को पीजी के कई कोर्सों का सम सेमेस्टर परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। एलयू प्रवक्ता डॉ.दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि यह परीक्षा कार्यक्रम एलयू की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। स्टूडेंट्स वेबसाइट पर लॉगिन कर विस्तार से जानकारी ले सकते हैं। इन कोर्सों की परीक्षाएं 8 अगस्त से 28 अगस्त तक चलेंगी। इनमें एमएससी मॉलिक्यूलर ऐंड ह्यूमन जेनिटिक्स, एमएससी केमिस्ट्री, एमएससी फार्मास्युटिकल केमिस्ट्री, एमए संस्कृत, एमए संस्कृत वेद वर्ग, एमए संस्कृत साहित्य वर्ग, एमए संस्कृत दर्शन वर्ग और एमए संस्कृत पालि वर्ग कोर्सों में परीक्षाएं शुरू होंगी।

बीपीएड, एमपीएड के प्रैक्टिकल 21 और 23 अगस्त से : एलयू ने बीपीएड और एमपीएड की प्रयोगात्मक परीक्षा कार्यक्रम जारी किया। बीपीएड में द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षा 21 से 22 अगस्त के बीच होगी। एमपीएड द्वितीय सेमेस्टर की 23 से 24 अगस्त के बीच और चतुर्थ सेमेस्टर की 23 से 25 अगस्त के बीच होगी।

वीसी ने प्रॉजेक्ट कार्यालय का किया उद्घाटन

■ एनबीटी सं, लखनऊ : एलयू के वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने शुक्रवार को विधि संकाय के तहत आईसीएसएसआर की ओर से पोषित मेजर प्रॉजेक्ट के कार्यालय का उद्घाटन किया। यह प्रॉजेक्ट बढ़ती शहरी गर्मी पर अपशिष्ट प्रबंधन और निर्माण गतिविधियों का प्रभाव विषय पर है। इस मौके पर अधिष्ठाता विधि संकाय से प्रो. बंशीधर सिंह, डॉ. वरुण छाछर, डॉ. निहारिका भी मौजूद रहे।

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

नौ छात्रों का कैम्पस प्लेसमेंट

लखनऊ। लविवि के अभियांत्रिकीय एवं तकनीकी संकाय के बीटेक एवं बीसीए के 09 छात्रों का प्रतिष्ठित कंपनियों में प्लेसमेंट हुआ। प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि एक कम्पनी मे बीटेक के छात्र निखिल सोनी का चयन ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी के पद पर 3.25 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर, बीसीए के 02 छात्रों जावेद अख्तर और रितिका प्रजापति का चयन ग्रेजुएट ट्रेनी के पद पर 1.9 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर, बीटेक के छात्र शुभांशु रस्तोगी का चयन प्रोसेस डेवलपर के पद पर 2.42 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर, बीटेक की छात्रा अनन्या यादव का चयन एनालिस्ट इंटर्न के पद पर 3.8 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर, बीटेक के छात्र हिमांशु राय का चयन सर्विस चैंपियन के पद पर 3.0 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर, बीटेक के छात्र उत्कर्ष शुक्ला का चयन पीएचपी डेवलपर के पद पर 4.8 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर, बीटेक के छात्र अभिनव आदित्य का चयन एक्जीक्यूटिव रिलेशनशिप मैनेजर के पद पर 3.0 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर एवं बीटेक के छात्र हरिकेश तिवारी का चयन एप्लिकेशन डेवलपर ट्रेनी के पद पर 2.0 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ।

कुलपति ने किया प्रॉजेक्ट कार्यालय का उद्घाटन

लखनऊ। लविवि के विधि संकाय अंतर्गत मेजर प्रॉजेक्ट के कार्यालय का उद्घाटन कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने किया । उन्होंने 'बढ़ती शहरी गर्मी पर अपशिष्ट प्रबंधन और निर्माण गतिविधियों का प्रभाव' विषय के इस प्रॉजेक्ट के लिए अपनी शुभकामनाएं दी और कहा कि इस प्रकार के शोध के परिणाम नवीन आयाम से समझ विकसित करने में सहायक सिद्ध होते है एवं समाज में सकारात्मक प्रभाव छोड़ते है। इस अवसर पर प्रॉजेक्ट डायरेक्टर डॉ. वरुण छाछर, को-डायरेक्टर डॉ. निहारिका उपस्थित रही।

VoL PAGE 5

लविवि के नौ छात्रों का हुआ कैंपस प्लेसमेंट

लखनऊ।लविवि के अभियांत्रिकीय एवं तकनीकी संकाय के बीटेक एवं बीसीए के नौ छात्रों का प्रतिष्ठित कंपनियों में प्लेसमेंट हुआ। प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि एचसीएल टेक कम्पनी मे बीटेक के छात्र निखिल सोनी का चयन ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी के पद पर 3.25 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर, जेनपैक्ट कम्पनी में बीसीए के दो छात्रों जावेद अख्तर और रितिका प्रजापति का चयन ग्रेजुएट ट्रेनी के पद पर 1.9 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर, जेनपैक्ट कम्पनी में बीटेक के छात्र शुभांशु रस्तोगी का चयन प्रोसेस डेवलपर के पद पर 2.42 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर, टेक महिंद्रा कंपनी में बीटेक की छात्रा अनन्या यादव का चयन एनालिस्ट इंटर्न के पद पर 3.8 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर, पैराडाइम आईटी कम्पनी में बीटेक के छात्र हिमांशु राय का चयन सर्विस चैंपियन के पद पर तीन लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर, फैटम डिजिटल वर्क्स में बीटेक के छात्र उत्कर्ष शुक्ला का चयन पीएचपी डेवलपर के पद पर 4.8 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर, आदित्य बिरला कंपनी में बीटेक के छात्र अभिनव आदित्य का चयन एक्जीक्यूटिव रिलेशनशिप मैनेजर के पद पर तीन लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर एवं सेतुक्राइट टेक्नोलॉजीज कंपनी में बीटेक के छात्र हरिकेश तिवारी का चयन एप्लिकेशन डेवलपर ट्रेनी के पद पर तीन लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ। लविवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय एवं संकाय के डीन प्रो. एके सिंह ने चयनित छात्रों को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया।

i-NEXT PAGE 4

एलयू में फिर से पढ़ाएंगे रिटायर्ड टीचर्स

विश्वविद्यालय के कुलसचिव ने सभी विभागाध्यक्षों को पत्र भेजकर मांगा प्रस्ताव

LUCKNOW (28 July): एलयू से सेवानिवृत्त उन शिक्षकों को फिर से पढ़ाने का मौका मिलेगा, जिनकी उम्र 69 वर्ष से कम हो. इसके लिए उन्हें मानदेय भी मिलेगा. कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने सभी विभागाध्यक्षों को पत्र जारी कर आवश्यकतानुसार रिक्त पदों के सापेक्ष अपने स्तर से आवेदन प्राप्त कर प्रस्ताव भेजने के लिए कहा है ताकि चयन समिति इस पर निर्णय ले सके.

टीचर्स की कमी दूर करने के लिए

राज्य विश्वविद्यालयों में जब तक नियमित रूप से शिक्षकों की नियुक्ति नहीं हो पाती, तब तक शिक्षकों की कमी को तत्काल दूर करने के लिए विश्वविद्यालय से सेवानिवृत्त शिक्षक को मानदेय के आधार पर एक सत्र के लिए नियुक्त किया जा सकता है. इसके लिए कुलपति की अध्यक्षता में एक कमेटी बनी है, जिसमें संबंधित विभाग के संकाय अध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष के साथ अलावा कुलसचिव बतौर सदस्य एवं सचिव शामिल हैं. इसी आधार पर कुलसचिव ने आवश्यकतानुसार सेवानिवृत्त शिक्षकों को एक सत्र के लिए रखने संबंधी निर्देश जारी किए हैं.



ये मिलेगा मानदेय

- असिस्टेंट प्रोफेसर : 500 रुपये प्रति व्याख्यान की दर से या अधिकतम 25 हजार रुपये मासिक
- एसोसिएट प्रोफेसर : 600 रुपये प्रति व्याख्यान की दर से या अधिकतम 30 हजार रुपये मासिक
- प्रोफेसर : 700 रुपये प्रति व्याख्यान की दर से या अधिकतम 35 हजार रुपये

रिसर्च डेवलपमेंट प्लान दो तक दे

एलयू ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में रिसर्च एंड डेवलपमेंट योजना के अंतर्गत सभी संकाय अध्यक्ष, विभागाध्यक्ष एवं निदेशकों से अधिष्ठाता शोध के माध्यम से दो अगस्त तक प्रस्ताव मांगा है. कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने इस संबंध में पत्र जारी किया है. एलयू को 5 अगस्त तक शासन को यह प्रस्ताव भेजना है. देर से आने वाले प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जाएगा.

सेकंड सेमेस्टर के एग्जाम आठ से

पीजी के कई और विषयों की परीक्षाओं की डेटशीट जारी

LUCKNOW (28 July): एलयू ने परास्नातक के कई और विषयों की सम सेमेस्टर परीक्षाओं की डेटशीट शुक्रवार को जारी कर दी है. विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम एलयू की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर उपलब्ध है.

डेट पर एक नजर

एमएससी केमिस्ट्री दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं आठ से 16 और चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं 22 से 26 अगस्त और एमएससी मालिकुलर एंड ह्यूमन जेनेटिक्स 10 से 24 अगस्त तक होंगी. इसी तरह एमए संस्कृत दूसरे सेमेस्टर (सीबीसीएस) की परीक्षाएं आठ से 25 अगस्त, चौथे सेमेस्टर (वेद वर्ग) की परीक्षाएं नौ से 26 अगस्त, चौथे सेमेस्टर (साहित्य वर्ग) की परीक्षाएं नौ से 28 अगस्त, दर्शन और पाली वर्ग की परीक्षाएं नौ से 26 अगस्त तक आयोजित की जाएंगी।

लविवि के शारीरिक शिक्षा विभाग की ओर से बीपीएड व एमपीएड दूसरे एवं चौथे सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षाओं की तिथियां तय कर दी गई हैं। बीपीएड दूसरे और चौथे सेमेस्टर की यह परीक्षाएं 21 व 22 अगस्त को होंगी। वहीं एमपीएड दूसरे सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षा 23, 24 तथा चौथे सेमेस्टर की परीक्षा 24 व 25 अगस्त को होंगी, विभाग के हेड प्रो. रवीश कुमार ने नोटिफिकेशन जारी किया है. स्टूडेंट्स को निर्देश दिए गए हैं कि निर्धारित तिथि पर अपनी एडमिट कार्ड के साथ छत्रपति शिवाजी मैदान में उपस्थित होना सुनिश्चित करें.

बीपीएड प्रयोगात्मक परीक्षाएं 21 से

लखनऊ यूनिवर्सिटी के शारीरिक शिक्षा विभाग की ओर से बीपीएड व एमपीएड दूसरे एवं चौथे सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षाओं की तिथियां तय कर दी गई हैं. बीपीएड दूसरे और चौथे सेमेस्टर की यह परीक्षाएं 21 व 22 अगस्त को होंगी. वहीं एमपीएड दूसरे सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षा 23, 24 तथा चौथे सेमेस्टर की परीक्षा 24 व 25 अगस्त को होंगी. विभाग के हेड प्रो. रवीश कुमार ने नोटिफिकेशन जारी किया है. स्टूडेंट्स को निर्देश दिए गए हैं कि निर्धारित तिथि पर अपनी एडमिट कार्ड के साथ छत्रपति शिवाजी मैदान में उपस्थित होना सुनिश्चित करें.

एलयू के नौ स्टूडेंट्स का कैंपस प्लेसमेंट

लखनऊ विश्वविद्यालय के बीटेक एवं बीसीए के नौ स्टूडेंट्स का प्लेसमेंट विभिन्न कंपनियों में हुआ है. प्लेसमेंट इंचार्ज डा. हिमांशु पांडेय ने बताया कि बीटेक के छात्र निखिल सोनी का चयन ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी के पद पर 3.25 लाख प्रतिवर्ष, बीसीए के जावेद अख्तर और रितिका प्रजापति का चयन टीसीएस कंपनी में ग्रेजुएट ट्रेनी के पद पर 1.9 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ। बीटेक के छात्र शुभांशु रस्तोगी का चयन जेनपैक्ट कंपनी में प्रोसेस डेवलपर के पद पर 2.42 लाख रुपये सालाना पैकेज पर हुआ है. अन्य स्टूडेंट्स का भी अच्छे पैकेज पर चयन हुआ है.

JAGRAN CITY PAGE III

लवि : एमएससी केमिस्ट्री दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं आठ से

पीजी के कई और विषयों की परीक्षाओं की डेटशीट जारी

जासं, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय ने परास्नातक के कई और विषयों की सम सेमेस्टर परीक्षाओं की डेटशीट शुक्रवार को जारी कर दी है। विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम लवि की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर उपलब्ध है।

एमएससी केमिस्ट्री दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं आठ से 16 और चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं 22 से 26 अगस्त और एमएससी मालिकुलर एंड ह्यूमन जेनेटिक्स 10 से 24 अगस्त तक होंगी। इसी तरह एमए संस्कृत दूसरे सेमेस्टर (सीबीसीएस) की परीक्षाएं आठ से 25 अगस्त, चौथे सेमेस्टर (वेद वर्ग) की परीक्षाएं नौ से 26 अगस्त, चौथे सेमेस्टर (साहित्य वर्ग) की परीक्षाएं नौ से 28 अगस्त, दर्शन और पाली वर्ग की परीक्षाएं नौ से 26 अगस्त तक आयोजित की जाएंगी।

लवि के नौ छात्र-छात्राओं का कैंपस प्लेसमेंट

जासं, लखनऊ : लवि के बीटेक एवं बीसीए के नौ छात्र-छात्राओं का प्लेसमेंट विभिन्न कंपनियों में हुआ है। बीटेक के छात्र निखिल सोनी का चयन ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी के पद पर 3.25 लाख प्रतिवर्ष, बीसीए के जावेद अख्तर और रितिका प्रजापति का चयन टीसीएस कंपनी में ग्रेजुएट ट्रेनी के पद पर 1.9 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ। बीटेक के छात्र शुभांशु रस्तोगी का चयन जेनपैक्ट कंपनी में प्रोसेस डेवलपर के पद पर 2.42 लाख सालाना, अनन्या का चयन टेक महिंद्रा में एनालिस्ट इंटर्न के पद पर 3.8 लाख रुपये सालाना पैकेज पर हुआ। हिमांशु राय का चयन सर्विस चैंपियन के पद पर पैराडाइम आइटी कंपनी में तीन लाख रुपये सालाना, उत्कर्ष शुक्ला का चयन फैटम डिजिटल वर्क्स में पीएचपी डेवलपर के पद पर 4.8 लाख प्रतिवर्ष, अभिनव आदित्य का आदित्य बिरला कंपनी में चयन एक्जीक्यूटिव रिलेशनशिप मैनेजर के पद पर तीन लाख रुपये सालाना एवं हरिकेश तिवारी का चयन सेतुक्राइट टेक्नोलाजीज कंपनी में एप्लिकेशन डेवलपर ट्रेनी के पद पर दो लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ।

केकेसी : बीबीए आइबी, बीकाम की सीटें फुल

जासं, लखनऊ : श्री जय नारायण मिश्र पीजी कालेज (केकेसी) में चल रही स्नातक प्रवेश प्रक्रिया में बीएससी कम्प्यूटर साइंस, बीबीए आइबी व बीकाम आनर्स की सभी सीटें भर गई है। अब बीए और बीकाम सेल्फ फाइनेंस की सीटों पर दाखिले के लिए आवेदन 29 जुलाई से शिफ्ट जा सकेंगा। जिन अभ्यर्थियों ने पूर्व में आवेदन कर रखा है, वे प्रवेश के लिए प्रायर्थना पत्र कालेज में जमा कर सकते हैं।

सेवानिवृत्त शिक्षकों को मिलेगा पढ़ाने का मौका

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय से सेवानिवृत्त उन शिक्षकों को फिर से पढ़ाने का मौका मिलेगा, जिनकी उम्र 69 वर्ष से कम हो। इसके लिए उन्हें मानदेय भी दिया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने सभी विभागाध्यक्षों को पत्र जारी कर आवश्यकतानुसार रिक्त पदों के सापेक्ष अपने स्तर से आवेदन प्राप्त कर प्रस्ताव भेजने के लिए कहा है ताकि चयन समिति इस पर निर्णय ले सके।

दरअसल, राज्य विश्वविद्यालयों में जब तक नियमित रूप से शिक्षकों की नियुक्ति नहीं हो पाती, तब तक शिक्षकों की कमी को तत्काल दूर करने के लिए विश्वविद्यालय से सेवानिवृत्त शिक्षक को मानदेय के आधार पर एक सत्र के लिए नियुक्त किया जा सकता है। इसके लिए कुलपति की अध्यक्षता में एक कमेटी बनी है, जिसमें संबंधित विभाग के संकाय अध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष के साथ अलावा कुलसचिव बतौर सदस्य एवं सचिव शामिल हैं। इसी आधार पर लवि के कुलसचिव ने आवश्यकतानुसार सेवानिवृत्त शिक्षकों को एक सत्र के लिए रखने संबंधी निर्देश जारी किए हैं।

ये मिलेगा मानदेय

- असिस्टेंट प्रोफेसर : 500 रुपये प्रति व्याख्यान की दर से या अधिकतम 25 हजार रुपये मासिक
- एसोसिएट प्रोफेसर : 600 रुपये प्रति व्याख्यान की दर से या अधिकतम 30 हजार रुपये मासिक
- प्रोफेसर : 700 रुपये प्रति व्याख्यान की दर से या अधिकतम 35 हजार रुपये

रिसर्च डेवलपमेंट प्लान दो अगस्त तक दें

लवि ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में रिसर्च एंड डेवलपमेंट योजना के अंतर्गत सभी संकाय अध्यक्ष, विभागाध्यक्ष एवं निदेशकों से अधिष्ठाता शोध के माध्यम से दो अगस्त तक प्रस्ताव मांगा है। कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने इस संबंध में पत्र जारी किया है। लवि को पांच अगस्त तक शासन को यह प्रस्ताव भेजना है। देर से आने वाले प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जाएगा।

कुलपति ने किया प्रोजेक्ट कार्यालय का उद्घाटन

लखनऊ : लवि के विधि संकाय में इंडियन काउंसिल फार सोशल साइंस रिसर्च (आइसीएसएसआर) की ओर से पोषित मेजर प्रोजेक्ट के कार्यालय का उद्घाटन शुक्रवार को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने किया। "बढ़ती शहरी गर्मी पर अपशिष्ट प्रबंधन और निर्माण गतिविधियों का प्रभाव" विषय पर हो रहे इस प्रोजेक्ट के लिए शुभकामनाएं देकर कहा कि इस प्रकार के शोध के परिणाम नवीन आयाम से समझ विकसित करने में सहायक सिद्ध होते है। इस अवसर पर डीन ला प्रो. बंशीधर सिंह, प्रोजेक्ट डायरेक्टर डा. वरुण छाछर, को-डायरेक्टर डा. निहारिका भी उपस्थित रहे। (जासं.)

AMRIT VICHAR PAGE 4

शोध के परिणाम नवीन आयाम विकसित करने में सहायक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय के अंतर्गत आईसीएसएसआर की ओर से पोषित मेजर प्रोजेक्ट के कार्यालय का उद्घाटन कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने किया।

उन्होंने बढ़ती शहरी गर्मी पर अपशिष्ट प्रबंधन और निर्माण गतिविधियों का प्रभाव विषय पर हो रहे इस प्रोजेक्ट के लिए शुभकामनाएं दीं। कहा कि इस प्रकार के शोध के परिणाम नवीन आयाम से समझ विकसित करने में सहायक सिद्ध होते हैं एवं समाज में सकारात्मक प्रभाव डालते हैं। इस दौरान अधिष्ठाता विधि संकाय प्रो. (डॉ.) बंशीधर सिंह, प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ. वरुण छाछर, को-डायरेक्टर डॉ. निहारिका एवं विधि संकाय के शिक्षकगण उपस्थित रहे।

नौ छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट

अमृत विचार : लविवि के अभियांत्रिकीय एवं तकनीकी संकाय के बीटेक और बीसीए के नौ छात्रों का कंपनियों में प्लेसमेंट हुआ है। प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि एचसीएल टेक कंपनी में बीटेक के छात्र निखिल सोनी, टीसीएस कंपनी में बीसीए के 02 छात्रों जावेद अख्तर और रितिका, जेनपैक्ट कंपनी में बीटेक के छात्र शुभांशु, टेक महिंद्रा में बीटेक की छात्रा अनन्या, पैराडाइम आईटी कंपनी में बीटेक के छात्र हिमांशु राय, फैटम डिजिटल वर्क्स में बीटेक छात्र उत्कर्ष शुक्ला, आदित्य बिरला कंपनी में बीटेक के छात्र अभिनव आदित्य एवं सेतुक्राइट टेक्नोलॉजीज कंपनी में बीटेक के छात्र हरिकेश तिवारी का चयन हुआ है।

कुलपति ने किया आईसीएसएसआर मेजर प्रोजेक्ट कार्यालय का उद्घाटन

लखनऊ। लविवि के विधि संकाय के अंतर्गत आईसीएसएसआर की ओर से पोषित मेजर प्रोजेक्ट के कार्यालय का उद्घाटन कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने किया। उन्होंने बढ़ती शहरी गर्मी पर अपशिष्ट प्रबंधन और निर्माण गतिविधियों का प्रभाव विषय पर हो रहे इस प्रोजेक्ट के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं और कहा कि इस प्रकार के शोध के परिणाम नवीन आयाम से समझ विकसित करने में सहायक सिद्ध होते हैं एवं समाज में सकारात्मक प्रभाव छोड़ते हैं।

TOI PAGE 3

LU team to study impact of poor waste mgmt vis-a-vis Smart City

Lucknow: A team from Lucknow University's law faculty will undertake a study on the 'Impact of poor waste management and construction activities in increasing urban heat' and make a policy framework for its mitigation. The Indian Council of Social Science Research (ICSSR) has granted LU a fund of Rs 15 lakh for the purpose.

An office for the research team was inaugurated by LU vice-chancellor Prof Alok Kumar Rai on Friday.

"Urban heat islands (UHIs) have been evident in many cities. Existing evidence indicates that UHIs can cause numerous negative impacts on air quality, outdoor thermal comforts, public health, economic productivity, and energy consumption and thereby significantly deteriorate the urban environment," said LU spokesperson Durgesh Srivastava.

"The team will include dean, law, Prof BD Singh, project director Varun Chhachar and co-director Niharika and others," said Srivastava, while adding that the entire research will be conducted in light of the smart city project. TNN